Tender Heart High School, Sector- 33-B, Chandigarh.

कक्षा- दसवीं

विषय - हिन्दी व्याकरण
शिक्षिका- श्रीमती कल्पना शर्मा

पुस्तक : सरस हिन्दी व्याकरण -नौ एवं दस

उपविषय : विशेषण बनाओ

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम कक्षा दसवीं की हिन्दी व्याकरण की पाठ्य - पुस्तक सरस हिन्दी व्याकरण भाग नौ एवं दस की पृष्ठ संख्या तैंतीस (33) पर दिए विशेषण का अध्ययन करेंगे।

बच्चो ! आज का हमारा विषय विशेषण है। जिसका अध्ययन आपने पिछली कक्षाओं में भी किया है। आज फिर हम इसके बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। आप अपनी-अपनी पुस्तक निकाल लें साथ ही एक उत्तर-पुस्तिका भी निकाल लें और पढ़ने के लिए तैयार हो जाएँ। विषय का अध्ययन करते-करते आपसे कुछ प्रश्न भी पूछे जाएँगे। उन प्रश्नों के उत्तर आप विषय को भली-भाँति समझकर ही दे पाएँगे। आशा करती हूँ कि अब आप पढ़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

तो आइए, अपने विषय पर आने से पहले विशेषण के बारे में जान लेते हैं।

संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता प्रकट करने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

विशेषण के चार भेद हैं :-

1. गुणवाचक विशेषण जैसे - अच्छा, बुरा
2. परिमाणवाचक विशेषण

कक्षा- दसवीं शिक्षिका- श्रीमती कल्पना शर्मा
विषय- हिन्दी व्याकरण ('विशेषण बनाओ')



(क) निश्चित परिमाणवाचक जैसे - 2 किलो चावल, 1 मीटर कपड़ा
(ख) अनिश्चित परिमाणवाचक जैसे - थोड़े चावल, ज़्यादा चीनी
3. संख्यावाचक विशेषण
(क) निश्चित संख्यावाचक जैसे - दो चिड़ियाँ
(ख) अनिश्चित संख्यावाचक जैसे - कुछ चिड़ियाँ
4. सार्वनामिक विशेषण जैसे - मेरा विद्यालय, उसका भाई

विशेषणों की रचना

हिन्दी में प्रयोग किए जाने वाले विशेषण दो प्रकार के होते हैं :-

1. मूल विशेषण - जैसे - बड़ा, अच्छा, लंबा, छोटा, चतुर आदि।
2. व्युत्पन्न विशेषण - ऐसे विशेषण जो संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, अव्यय आदि शब्दों से बनाए जाते हैं।
   जैसे - 'नमक' संज्ञा से 'नमकीन', 'चलना' क्रिया से 'चालू', 'वह' सर्वनाम से 'वैसा', 'ऊपर' अव्यय से ऊपरी आदि।

व्युत्पन्न विशेषणों की रचना मुख्य रूप से तीन प्रकार से की जा सकती है :-

1. शब्द से पूर्व 'उपसर्ग' का प्रयोग करके - जैसे - 'बल' शब्द से 'दुर्' उपसर्ग जोड़कर बना 'दुर्बल'।
2. शब्द के अंत में 'प्रत्यय' जोड़कर - जैसे - 'रंग' शब्द के अंत में 'ईन' प्रत्यय जोड़कर बना 'रंगीन'।
3. उपसर्ग और प्रत्यय दोनों का प्रयोग करके - जैसे - 'न्याय' शब्द से पूर्व 'अ' उपसर्ग तथा अंत में 'ई' प्रत्यय का प्रयोग करके बना अ + न्याय + ई = अन्यायी।

बच्चो! कक्षा नौवीं में आपने प्रत्ययों के योग से विशेषणों की रचना को 'इक' प्रत्यय जोड़कर से 'कार' प्रत्यय जोड़कर (1 से XX तक) तक किया है। अब हम इसे क्रम संख्या इक्कीस 'उ' प्रत्यय जोड़कर से आरंभ करेंगे। आपका ध्यान इस ओर ही केन्द्रित होना चाहिए।

(xxi) 'उ' प्रत्यय जोड़कर

कक्षा - दसवीं शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी व्याकरण ('विशेषण बनाओ')



| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| पेट | पेटू | बाज़ार | बाज़ारू |

(xxii) 'नाक' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| दर्द | दर्दनाक | खौफ़ | खौफ़नाक |
| शर्म | शर्मनाक | खतरा | खतरनाक |

(xxiii) 'दार' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| दुकान | दुकानदार | थाना | थानेदार |
| पहरा | पहरेदार | चमक | चमकदार |

(xxiv) 'पूर्वक' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| विधि | विधिपूर्वक | नियम | नियमपूर्वक |

(xxv) 'जनक' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| अपमान | अपमानजनक | सम्मान | सम्मानजनक |

(xxvi) 'ग्रस्त' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| रोग | रोगग्रस्त | शोक | शोकग्रस्त |

(xxvii) 'ऐला' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| विष | विषैला | वन | वनैला |

(xxviii) 'कारक' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| हानि | हानिकारक | कष्ट | कष्टकारक |

कक्षा- दसवीं शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा
विषय- हिन्दी व्याकरण ('विशेषण बनाओ')



(xxix) 'प्रद' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| हानि | हानिप्रद | लाभ | लाभप्रद |

(xxx) 'दायक' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| फल | फलदायक | कष्ट | कष्टदायक |
| आराम | आरामदायक | लाभ | लाभदायक |

(xxxi) 'अंत' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| सुख | सुखांत | दुःख | दुखांत |

(xxxii) 'मय' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| पाप | पापमय | धर्म | धर्ममय |
| सुख | सुखमय | दुःख | दुखमय |

(xxxiii) अन्य प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| रोमांच | रोमांचक | विश्वास | विश्वस्त |
| क्षय | क्षीण | हित | हितैषी |
| अभियोग | अभियुक्त | हत्या | हत्यारा |
| धुंध | धुँधला | ओज | ओजस्वी |
| संदेह | संदिग्ध | व्यक्ति | व्यक्तिगत |

बच्चो! अब मैं आपसे कुछ प्रश्न पूछूंगी। प्रश्न सुनकर आप अपनी ऑडियो को तीन मिनट के लिए रोक देंगे और उस तीन मिनट के दौरान आप पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखेंगे। प्रश्न इस प्रकार हैं :-

कक्षा - दसवीं शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा
विषय - हिन्दी व्याकरण ('विशेषण बनाओ')



प्रश्न 1. 'दर्द' शब्द का विशेषण रूप लिखिए।
प्रश्न 2. कोष्ठक में दिए शब्दों के विशेषण रूप बनाकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-
(क) यह घटना बहुत ------ थी। (शर्म)
(ख) नेता जी ने बहुत ------ भाषण दिया। (ओज)
प्रश्न 3. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द-युग्म सही है :-
(क) विधि - विधाता (ख) चमक - चमकवाला
(ग) लाभ - लाभदायक (घ) विश्वास - विश्वस्त
प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए :-
(क) विष (ख) धुंध (ग) खौफ़ (घ) थाना।

बच्चो ! उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए तीन मिनट की अवधि अब समाप्त हो चुकी है। आशा है कि आपने उपर्युक्त प्रश्नों के उत्तर लिख लिए होंगे। अब मैं आपको उन्हीं प्रश्नों के उत्तर बता रही हूँ, जो इस प्रकार हैं :-

उत्तर 1. 'दर्द' शब्द का विशेषण रूप है - 'दर्दनाक'।
उत्तर 2. कोष्ठक में दिए शब्दों के विशेषण रूप बनाकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-
(क) यह घटना बहुत शर्मनाक थी।
(ख) नेता जी ने बहुत ओजस्वी भाषण दिया।
उत्तर 3. निम्नलिखित में से शब्द-युग्म सही है :-
(ग) लाभ - लाभदायक
उत्तर 4. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए :-
(क) विष - विषैला (ख) धुंध - धुँधला
(ग) खौफ़ - खौफ़नाक (घ) थाना - थानेदार

बच्चो ! आज हमने पेट से लेकर व्यक्ति तक विशेषण बनाना सीखा है। आशा है कि आपने इन्हें रुचि से सुना एवं समझा होगा। अब मैं आपको

कक्षा - दसवीं शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा
विषय - हिन्दी व्याकरण ( विशेषण बनाओ )



गृहकार्य दे रही हूँ। इस कार्य को आप अपनी-अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

गृहकार्य

सभी छात्र विशेषण बनाओ को अपनी-अपनी व्याकरण की पुस्तक की पृष्ठ संख्या 241 एवं 242 पर दिए क्रम संख्या xxi से xxxiii तक ( ऊ प्रत्यय जोड़कर से अन्य प्रत्यय जोड़कर तक) दो-तीन बार पढ़ेंगे और इन्हें सुन्दर लिखाई में अपनी-अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे। हिन्दी विषय पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं के लिए यह कार्य करना अनिवार्य है।

धन्यवाद।

[अंतिम पृष्ठ]